# गांव लुटाना मंगनी का ग्राम पंचायत मुख्यालय लुटाणा पूर्ण करने की मांग

■ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सरकार के पारित पूर्व आदेश को यथावत रखने की मांग

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ पंचायत समिति की नवसृजित ग्राम पंचायत लुटाना मगनी का ग्राम पंचायत मुख्यालय लूटाना पूर्ण करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया तथा उपखण्ड अधिकारी राजगढ डॉ मनोज खेमादा को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई है।

इस मौके पर ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय लुटाना पूर्ण रखने की मांग करते हुए राज्य सरकार के पूर्व में पारित आदेश को यथावत लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नवगठित ग्राम पंचायत लुटाना मगनी में तीसरा गांव लुटाना अमीचन्द शामिल किया गया है, जो भौगोलिक रूप से लुटाना पूर्ण से जुडा हुआ है। लुटाना अमीचन्द और लुटाना पूर्ण के बीच की दूरी मात्र 25० मीटर है, जबकि लुटाना अमीचन्द से लुटाना मगनी की दूरी लगभग 14.75 किलोमीटर है। ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन और प्रशासनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं परिवहन की दृष्टि से भी लुटाना अमीचन्द, लुटाना पूर्ण के माध्यम से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग 52 से जुड़ा हुआ है, जिससे आवागमन सुगम है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत के गठन के दौरान लुटाना पूर्ण और लुटाना अमीचन्द में कुल 4 वार्ड बनाए गए हैं, जबकि लुटाना मगनी में केवल 3 वार्ड हैं। इससे भी यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक और जनसंख्या संतुलन की दृष्टि से पंचायत मुख्यालय लुटाना पूर्ण अधिक उपयुक्त है। ग्रामीणों ने पूर्व में पारित आदेश को सही मानते हुए लुटाना अमीचन्द को पूर्व की भांति ग्राम पंचायत लुटाना पूर्ण में ही रखा जाने की मांग की। ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक असुविधा से बचाया जा सके।

ज्ञापन में बताया कि जनसख्या की दृष्टि से लुटाना पूर्ण की आबादी 641 तथा लुटाना अमीचंद 259 कुल 900 है। जबकि लुटाना मगनी 8०9 है। ग्रामीणों ने सरकार के पूर्व आदेश को यथावथ रखने की मांग की है। इस अवसर पर गांव के लक्ष्मीचंद चोपडा, राजकुमार, वीर सिंह, सुरेश कुमार, सोमवीर, कुलदीप, जयवीर रतन सिंह, शिवकांत, सुशील कुमार, होशियार सिंह, मानसिंह, ओम प्रकाश व राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने शीघ्र निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

## पुण्यतिथि पर परमार्थ के कार्य किए

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं संस्थापक वीर झुंझार सिंह संस्थान के पूर्व सचिव समाजसेवी उद्यमी स्वर्गीय चौधरी भींवाराम की तृतीय पुण्यतिथि पर जिले तथा बाहर कई प्रकार के पुण्य और परमार्थ के कार्य किए गए। उनके सुपुत्र महेंद्र नेहरा ने बताया कि सर्वप्रथम उनके निज आवास पर मानवता की शांति के लिए आर्य पद्धित से हवन किया। उसके उपरांत खेमी सती स्थित आशा का झरना विद्यालय में सात पंखे तथा विशेष दिव्यांग विद्यार्थियों को पुस्तक, पुस्तिका, स्टेशनरी और फल वितरण किए गए। इसके उपरांत झुंझार सिंह संस्थान के सौजन्य से पार्क में 121 जरूरतमंद और अभावग्रस्त को रजाई वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगरपरिषद आयुक्त देवीलाल बोचलया और ग्रामीण पुलिस उपाधीक्षक हरिसिंह धायल रहे। इस अवसर पर परिवारजन भंवरी देवी, निर्मल सिंह, विमला देवी, शिवानी, प्रोफेसर सुधीर लंबोरिया और डॉ. गीता उपस्थित रहे।

## सेम टैलेंट सर्च एग्जाम 2026 का आयोजन 11 को

**पाटन** (निसं)। सेम टैलेंट सर्च एग्जाम 2026 का आयोजन रविवार, 11 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से सेम सीबीएसई स्कूल, नीमकाथाना में किया जाएगा। इस प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 8 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिणक प्रतिभा को पहचान कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को लैपटॉप के साथ स्कूल फीस में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को टैबलेट एवं 90 प्रतिशत फीस स्कॉलरशिप दी जाएगी। वहीं तृतीय से दसवें स्थान तक आने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच के साथ फीस में 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

## सार-समाचार

### भाईजी के नोहरे में श्रीकृष्ण रासलीला शुरू

**रतनगढ़** (निसं)। भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार के नोहर में उनकी स्मृति महोत्सव पर पंचदिवसीय श्री कृष्ण रासलीला महोत्सव का आयोजन रासाचार्य कुंजबिहारी शर्मा के नेतृत्व में गत बुधवार की रात्रि से शूरु हुआ। रासलीला शुरू होने से पूर्व स्मृति न्यास के सदस्य रसेन्द्रु फोगला, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत ने श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की। रासलीला में भगवान श्री कृष्ण का महारास, भगवान कृष्ण का उपदेश, बाल लीलाएं, बाल हट, उखल बंधन, आदि का मंचन किया गया। इस मौके पर कुलदीप चौधरी, अरुण रामगढिया, पवन चोटिया, कथा वाचक पवन जोशी, सांवरमल माटोलिया, रवि,भव्य इंदौरिया, निलेश इंदौरिया सहित शहर के अनेकों गणमान्य लोग भाईजी के परिकर उपस्थित थे। रासलीला का समय सायं 7 बजे से रखा गया है। इसी क्रम में पंचदिवस पद रत्नाकर के पदोगान का सामूहिक गान संत चिरंजनदास महाराज के सानिध्य में गुरुवार की प्रातः हुआ। जिसमें भाईजी की पुस्तक पद रत्नाकर से श्रीराधा जी की वंदना प्रार्थना,पदों आदि का संगीतमय सामूहिक गान किया गया।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय सेठ नागरमल बाजोरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ में कक्षा 6 से 10 तीन दिवसीय गैर आवासीय गणित विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर श्री संदीप कुमार व्यास ने प्रशिक्षण की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए और सभी संभागियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। शिविर प्रभारी अतिरिक्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार जाखड ने प्रशिक्षण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। सह प्रभारी कन्हैयालाल शर्मा प्रधानाचार्य ने आगंतुक सभी संभागियों का शाब्दिक स्वागत किया।सह प्रभारी नन्दलाल स्वामी दक्ष प्रशिक्षक नीलेश इंदौरिया, ओमप्रकाश शर्मा, नरेश कस्वां, पुरुषोत्तम तथा विवेक कौशिक, सुरेश कुमार नाथोलिया, किशन लाल हर्षवाल , राजेन्द्र कुमार, पारुल गुप्ता, भारती शर्मा, धर्मवीर आदि संभागी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति से लेकर मंत्री और सांसद को ज्ञापन भेजा

**झुंझुनूं,** (निसं)। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा चलाए जा रहे झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के तहत गुरुवार को समिति की ओर से शीर्ष स्तर पर मामला उठाया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि झुंझुनूं में इंडिया पोस्ट के गांधी चौक डाकघर से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, राजस्थान की पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दीया कुमारी एवं क्षेत्रीय सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला को स्पीड पोस्ट सर्विस से ज्ञापन भेजकर झुंझुनूं को रेलवे जंक्शन बनाने एवं झुंझुनूं से होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गोवाहाटी, हरिद्वार, दिल्ली, जोधपुर, जयपुर, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, उदयपुर सिटी एवं श्रीगंगानगर के लिए नई रेल सेवाएं संचालित करने की मांग की गई है।

### राउमावि मोडावासी में रूम हीटर भेंट किया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडावासी में इकबाल पुत्र मुमताज खां मलवान ने संस्था प्रधान सुमन सरावग को रूम हीटर भेंट किया। तथा एक रूम हीटर मदरसा में भी दिया और लाइट भी लगवाई। इससे पूर्व में भी भामाशाह इकबाल खां मलवान ने विद्यालग को कुर्सियां प्रदान की थी। इकबाल के साथ फारुख़ हासम खाँ चौहान, बीर सिंह लुगरिया, रामचंद्र सिंह राठौड, मनोज पूनिया, अंजू पूनिया, प्रीति श्योराण, सुमन काजला, छतु राम, पोकरराम जलंद्रा, जंगवीर सिंह, जितेंद्र मीना, शफी मोहम्मद पीटीआई, संदीप दायमा आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य सुमन सरावग ने आभार जताते हुए कहा कि आगे भी इसी प्रकार विद्यालय से जुड़े रहे और समुदाय को भी जोडें व प्रेरित करें।

## सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**उदयपुरवाटी** (निसं)। नांगलपावर हाउस के बालाजी मंदिर प्रांगण में सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीप सिंह शेखावत थे।

विशिष्ट अतिथि सहायक अभियंता मनफूल सिंह महरिया, ईश्वर लाल शर्मा, समाजसेवी एडवोकेट मोतीलाल सैनी व दुर्गा प्रसाद सैनी नवलगढ़ थे। समारोह की अध्यक्षता दुर्गपाल सिंह शेखावत ने की।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि दीप सिंह शेखावत ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी एवं कार्यरत कर्मचारियों को अपने सेवा हितों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए, क्योंकि विद्युत निगम के वर्तमान हालात को देखते हुए आगे ओर अधिक संघर्ष करना पड़ सकता है।

कर्मचारियों को आपसी प्रेम एवं भाईचारा रखकर एकजुट रहने की बात कही। विशिष्ट अतिथि ईश्वर लाल शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारियों की अधिकांश समस्याओं का निराकरण कर दिया है, शेष समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत श्रमिक संघ के प्रयास जारी हैं। सहायक अभियंता मनफूल सिंह महरिया ने कर्मचारियों के आपसी सद्भाव एवं उनके द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली बैठक की सराहनाएं करते हुए इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।

समारोह को दुर्गाप्रसाद सैनी नवलगढ़, फतेहचंद सैनी मुजरावाला, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, सुवालाल सैनी, मंगतूराम वर्मा, कैलाश चंद्र मिश्रा, धूड मल वर्मा ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम में 75 वर्ष पूर्ण करने वाले सेवानिवृत कर्मचारी बद्रीप्रसाद कटारिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बद्रीप्रसाद तंवर ने किया।

इस दौरान स्नेह मिलन समारोह में गोविंद राम गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, रामगोपाल शर्मा, द्वारका प्रसाद सैनी, सवाई सिंह, भगवाना राम सैनी, जगदीश प्रसाद अलवरिया, रामस्वरूप मीणा, फूलचंद सैनी, रिछपाल सैनी, गुलझारीलाल सैनी, प्रभात राम लोहार, बंसी राम सैनी, नेमीचंद जाट, उमरदीन, शिंभू राम जाट, नानूराम, रामेश्वर लाल सैनी छापोली, कैलाश चंद्र मिश्रा, मुरारी लाल शर्मा, बृजलाल राणा सहित कई सेवानिवृत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आर्मी जवान के सूने मकान से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी

**चिड़ावा** (निसं)। चिड़ावा शहर में बीती रात चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक आर्मी जवान के सूने मकान को निशाना बनाकर वहां से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और बड़ी मात्रा में नगदी चोरी कर ली है।

जानकारी के अनुसार, जिस घर में चोरी हुई वह एक भारतीय सेना के जवान का है। घटना के समय घर के सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने मकान के ताले तोड़ दिए। चोरों ने घर के अंदर अलमारियों और संदूकों को खंगाल डाला और वहां रखे कीमती जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गए।

आर्मी से रिटायर्ड गोठ निवासी सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि चिड़ावा में पिलानी बाईपास पर पार्षद राजेंद्र कोच के फार्म हाउस के सामने उनके पुत्र आर्मी में हवलदार (ईएमई) मुकेश और राकेश ने मकान बना रखा है।

बावलिया बाबा के मेले पर 29 को राकेश चिडावा आया था और दो दिन रुकने के बाद वो जयपुर ड्यूटी पर चला गया। गुरुवार सुबह पास ही से गुजर रहे नंदू नागौरी ने मकान का गेट खुला देखा तो राकेश को सूचना दी। राकेश ने टाइल्स विक्रेता महताब योगी को जानकारी दी। फिर सूचना पर सुरेन्द्र कुमार श्योराण चिड़ावा आए और मकान को संभाला।

प्राथमिक सूचना के अनुसार, चोर लाखों के सोने और चांदी के गहने सहित बड़ी मात्रा में कैश ले उड़े हैं। सुरेन्द्र श्योराण ने बताया कि 27 हजार नकद, 11-11 हजार की नोटों की दो मालाएं, सोने की दो अंगूठी, एक चेन और चांदी की दो पायजेब चोरी हुए है। बाकी चोरी हुए सामान की जानकारी राकेश के आने के बाद पता चलेगी।

**पुलिस कार्यवाही:-** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

**इलाके में दहशत:-** शहर के रिहायशी इलाके में एक फौजी के घर हुई इस बड़ी चोरी के बाद स्थानीय निवासियों में सुरक्षा को लेकर काफी चिंता देखी जा रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।

## नशा मुक्ति पर व्याख्यान आयोजित

**पाटन** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, पाटन में नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर जी.के. सैनी रहे, जो राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना के पूर्व प्राचार्य रह चुके हैं। प्रोफेसर सैनी ने अपने दीर्घ शैक्षिणक एवं प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित, उद्देश्यपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आव्हान किया।कार्यक्रम के संयोजक एवं महाविद्यालय के आचार्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने नशे के वैज्ञानिक कारणों एवं उसके जैविक प्रभावों की जानकारी दी।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रामूराम पुत्र लालूराम प्रजापत उम्र 55 वर्ष निवासी दल्लूसर तहसील भानीपुरा जिला चुरू का पुत्र राकेश कुमार प्रजापत दिनांक 15.12.2025 से घर से चला गया है जो बुरे लोगों की संगत में रहता है, मेरे अभिभाष्य के कहने - सुनने में नहीं है, आवारा घूमता है गलत गतिविधियों में लिप्त है और घर में नहीं रहकर अन्यत्र चल गया। राकेश का मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार से कोई संबंध सरोकार नहीं है। अतः मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र राकेश को अपनी समस्त चल अचल संपत्तियों से बेदखल करता है, राकेश के कृत्यों से मेरे अभिभाष्य का कोई ताल्लुक नहीं। कोई राकेश के साथ लेनदेन करता है या किसी भी प्रकार का कोई संबंध रखता है तो मेरे अभिभाष्य उसके वारिसान एवं वंशजों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

एडवोकेट-सीताराम स्वामी

## राष्ट्रीय पिस्टल प्रतियोगिता में सीकर पहुंचा शिखर पर

**सीकर** (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित केशवानन्द सीबीएसई एनडीए कैम्पस के प्रतीक श्योकन्द ने 69वीं राष्ट्रीय स्तर शूटिंग प्रतियोगिता जो भोपाल मध्यप्रदेश में दिनांक 06.01.2025 से आयोजित हो रही है, में प्रतीक ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण ने बताया कि कक्षा 12 के छात्र प्रतीक ने 10 मीटर एयर पिस्टल अंडर 19 छात्र वर्ग में नया रिकार्ड 385.00 12एक्स प्रथम रैंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि केशवानन्द स्कूल के होनहार छात्र प्रतीक ने ग्लैमर से भरे 10 मीटर राष्ट्रीय स्तर की एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में "स्वर्ण पदक जीतकर" न केवल अपने विद्यालय बल्कि सीकर का नाम रोशन किया है। निदेशक ने बताया कि गत वर्ष भी जर्मनी में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में भी भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में भी की प्रतिस्पर्धा और देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच प्रतीक ने अपने शानदार निशाने और अद्भुत एकाग्रता का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। छात्र की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से स्कूल परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रतीक की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ-साथ उनके कोच प्रदीप गुर्जर और विद्यालय प्रबंधन का मार्गदर्शन रहा। संस्थान चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह एवं सहनिदेशक गोपाल सिंह ने प्रतीक को बधाई देते हुए कहा कि 'प्रतीक ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वह शूटिंग में अपना भविष्य बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। निस्संदेह, केशवानन्द स्कूल का यह सितारा आने वाले समय में देश के लिए और भी गौरवपूर्ण उपलब्धियां हासिल करेगा।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के आदेश पर तालुका विधिक सेवा समिति, रतनगढ़ के तत्वावधान में गुरुवार को नरसिंह क्लासेज, धानुका कुएं के पास विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 35 लाभार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पी.एल.वी. जितेंद्र कुमार नाथोलिया रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों से संबंधित कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं 181 की उपयोगिता और आवश्यकता को समझाया।

## राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

**पाटन** (निसं)। राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख रहे। विशिष्ट अतिथियों में भामाशाह ब्रहादत्त मोदी, पूरण शर्मा, जितेन्द्र यादव, नीमकाथाना जेल अधीक्षक रमेश राजपुरोहित एवं चन्दन करोटवान शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू वर्मा ने की।

इस अवसर पर भामाशाह ब्रहादत्त मोदी एवं पूरण शर्मा की ओर से महाविद्यालय की छात्राओं को जूते एवं जुराबें वितरित की गई। साथ ही रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नई किरण नशा मुक्ति क्लब द्वारा छात्रा मनीषा सैनी को बैग, डायरी सहित आवश्यक सामग्री की किट भेंट की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय शिविर में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. मंजू वर्मा ने भामाशाहों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषय प्रारंभ करवाने तथा एन.सी.सी. इकाई की स्थापना के लिए सहयोग का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार द्वारा किया गया।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन



आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

64 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 299 कुल भूखण्ड | 290 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 09 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | आबू रोड़ | 03 | चूरू | 33 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 25 | अजमेर | 08 | बीकानेर | 07 | पाली | 03 | जयपुर (दक्षिण) |
| 05 | अलवर | 14 | श्रीगंगानगर | 24 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 08 | भिवाड़ी-I | 16 | किशनगढ़ | 01 | जालोर | 25 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 19 | भिवाड़ी-II | 13 | भीलवाड़ा | 13 | राजसमंद | 02 | जोधपुर |
| 07 | बोरानाडा | 01 | जयपुर (ग्रामीण) | 20 | कोटा | 03 | सवाईमाधोपुर |
| 05 | घिलोठ | 01 | सीकर | 03 | नीमराना | | |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान या रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/17325

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in





LIC's जन सुरक्षा

(नॉन पार, नॉन लिंक्ड, व्यक्तिगत, बचत, जीवन सूक्ष्म बीमा प्लान)

UIN: 512N388V01 | PLAN NO: 880

छोटा प्रीमियम, बड़ी सुरक्षा.

प्रमुख ख़ूबियाँ

- जीवन सूक्ष्म बीमा योजना
- सीमित प्रीमियम प्लान
- 3 पूर्ण वर्ष के प्रीमियम भुगतान के बाद ऑटो कवर
- पहले पॉलिसी वर्ष की समाप्ति पर पॉलिसी लोन
- पॉलिसी की पूरी अवधि में गैरंटीड एडिशन

योग्यता की शर्तें

a) न्यूनतम बीमा धन ₹1,00,000/-
b) अधिकतम बीमा धन ₹2,00,000/-

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फॉलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC / MI / 2025-26 / 18 / Hin